कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र./5289/न.पा.नि./**PMAY-HFA/2023** रायपुर, दिनांक 27/01/**2023**

//आम सूचना पत्र//

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में **"मोर मकान–मोर आस"** योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 01/2022 दिनांक 18.05.2022 जारी कर कुल 08 स्थलो (दलदल सिवनी 1015 के 435, कचना– 1044 के 290, कचना 870 के 290, कचना–754 के 290, कचना–899 के 232, मठपुरैना–667 के 174,अमलीडीह–551 के 232 एवं अमलीडीह–841 के 145) के लिए 2088 मकानो का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। नियमानुसार पात्र आवेदको को आवास आबंटन उपरांत तृतीय चरण में उपरोक्त कचना के समस्त 04 परियोजना स्थल एवं दलदल सिवनी के 01 परियोजना स्थल में रिक्त बचे मकानों का आबंटन किया जाना है।

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापन अंतर्गत् अमलीडीह– 232, अमलीडीह–145 एवं मठपुरैना– 174 परियोजना के पात्र एवं प्रतिक्षारत् सूची के आवेदक जिन्हे मकान आबंटित नही हो पाया है वे सभी, अपनी पसंद से कचना के उपरोक्त 04 परियोजना स्थलों एवं दलदल सिवनी के 01 परियोजना स्थल के शेष बचे मकानो के आबंटन हेतु सहमति पत्र के साथ राशि जमा करा सकते है।

अतः अमलीडीह– 232, अमलीडीह–145 एवं मठपुरैना– 174 के पात्र एवं प्रतिक्षारत् सूची के हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि आवास आबंटन हेतु मुख्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 414 में दिनांक 30/**01/2023 से** 13/**02/2023** तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक हितग्राही द्वारा, हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा। यह आम सूचना पत्र ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु प्रकाशित की जा रही है।

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)